तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 हर्षोंल्लास के साथ मनाया दीपावली व गोवर्धन...





12 दुधावा में धूमधाम से मनाया गया गौरी गौरा...









## खबर संक्षेप

### अंडर 20 क्रिकेट स्पर्धा में सटेली रहा प्रथम



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम सटेली में पांच दिवसीय अंडर 20 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर सटेली को 10000, द्वितीय स्थान सिहारी 5000 एवं तृतीय स्थान जातावाडा 3000 रुपए प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संतो दुग्गा, अध्यक्षता राधिका नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत राउरवाही, विशेष अतिथि पीलम नरेटी भाजपा मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र टेकाम जनपद सदस्य, जोहन गावड़े जनपद सदस्य, कृष्णा दुग्गा सरपंच चिहरो, विजय पटेल, बलराम टेपरिया, रामदयाल नरेटी, शिवलाल नरेटी, कृष्णा पटेल, गोपी राम नरेटी, श्रवण टेपरिया, मनराखन बारला, शुकदेव गावड़े, रामनाथ नरेटी, गौरी बाई राना एवं ग्रामवासी व समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**भानुप्रतापपुर।** भानबेड़ा के पास दुर्गुकोंदल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम दियागांव का निवासी 34 वर्षीय रामेश्वर मंडावी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर लाया गया, जहां उनकी ईलाज के दौरान मौत हो गई। भानुप्रतापपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। पुलिस ने पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।



### युवक कांग्रेस घटिया शराब को लेकर 5 को करेंगे प्रदर्शन

**भानुप्रतापपुर।** युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि शासकीय शराब दुकान भानुप्रतापपुर में सेल्समैनों द्वारा शासकीय शराब में घटिया शराब मिला कर बेचा जा रहा है। शासन के तय दर से अधिक दर पर शराब बेचकर शराब उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। युवक कांग्रेस मांग करती है कि भानुप्रतापपुर के शासकीय शराब दुकान पर कार्यवाही कर अवैध शराब विक्रय, तय दर से अधिक दर पर शराब विक्रय, मिलावटी शराब विक्रय, गांव में कोचिया के माध्यम से बिक रहे शासकीय शराब पर रोक लगाया जाए। रोक लगाने की माँग को लेकर युवक कांग्रेस 5 को प्रदर्शन करेंगे।

### कांकेर में आज आएंगे धीरेंद्र शास्त्री, शतचंडी यज्ञ में होंगे शामिल

**कांकेर।** माँ भुनेश्वरी जन कल्याण समिति श्रीरामनगर कांकेर के द्वारा हिन्दू एकता के लिए शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 02 नवंबर को भव्य कलश यात्रा से शुभारम्भ किया गया। शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन 02 से 06 नवंबर माँ भुवनेश्वरी मंदिर श्रीरामनगर में किया जाएगा एवं प्रतिदिन अन्नपूर्णा भण्डारा प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। शतचंडी यज्ञ में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 3 नवंबर को दोपहर ढाई बजे कांकेर पहुँचेंगे और विभिन्न शेष पेज 10 पर

---

पर्व : दिवाली के दिन बाजारों में रही भीड़, लोकल सामानों की रही मांग


# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का पर्व धूमधाम से मना, लोगों मे दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर


- सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतजाम, पुलिस लगातार करती रही गश्त

जिले के लगभग हर कोने में दिवाली का पर्व बेहद उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ गुरूवार 31 अक्टूबर को मनाया गया। चारों ओर दीपों की जगमगाहट और रंग-बिरंगी सजावट ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। लोगों ने अपने घर दुल्हन की तरह सजाकर माता लक्ष्मी के आगमन का स्वागत कर रहे थे। घरों के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में शुभ मुहूर्त पर लक्ष्मी पूजन किया। दीपावली पर जमकर खरीदारी हुई। वहीं दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य मार्गो व बाजारों में पुलिस बल तैनात रहा।

दीपावली के दिन लोग सुबह से ही अपने घरों-दुकानों-कार्यालयों में साफ-सफाई करके फूलों, लाइटों आदि से सजाना शुरू कर दिया था। बाजारों में काफी चहल-पहल देखने को मिली और जमकर खरीदारी की गई तथा एक-दूसरे को मिठाई आदान-प्रदान कर रहे थे। सनातन धर्म प्रेमियों का यह सबसे बड़ा पर्व मना जाता है और इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। जिले के सभी विकासखंडों में दीपावली धूम धाम से मनाई गई। युवतियों ने घर के आगे रंगोली सजायी, बच्चों ने घरौंदा बनाया। शाम को पूजा स्थल पर शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा से पहले सिंदूर से श्रीगणेशाय नमः, स्वास्तिक, शुभ-लाभ जैसे मंगलिक मंत्र लिखे गए। दीप जलाकर लक्ष्मी को प्रिय कमल के फूल चढ़ाए गए। लक्ष्मी-गणेश के साथ शेष पेज 10 पर









### विधायक ने स्वच्छताकर्मियों का किया सम्मान

विधायक आशाराम नेताम ने दीपावली पर्व के दिन जिला अस्तपाल में सफाई करने वाले अमले और नगरपालिका की सफाई कर्मचारी टीम से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। दीपावली पर्व पर सभी सफाई कार्य से जुड़े अधिकारी व सफाई कर्मचारियों को उपहार भेंटकर सम्मान किया।

### दिवाली के दिन भी बाजार में रही भीड़

*दिवाली के दिन गुरूवार को भी बाजारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के साथ साथ छोटा व्यापार करने वाले लोग जैसे कुम्हार, कारीगर एवं घरों में दिवाली का सामान बनाने वाले लोगों ने भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री की। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे जिले में व्यापार में बड़ा इजाफा हुआ। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" अभियान के तहत भारतीय सामान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई।*

### घरेलू उत्पादों की ज्यादा मांग रही

गुरूवार को लोगों ने मिट्टी के दीये, लक्ष्मी और गणेश की प्रतिमा, घर की सजावट के सामान, वंदनवार, फूल-पत्तियां एवं पूजा का सामान, बिजली की रंगबिरंगी लड़ियां, मिठाई एवं नमकीन, कपड़े, हैंडिक्राफ्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं, फुटवियर, मेकअप का सामान, कास्मेटिक्स, सोने चांदी के सामान और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग रही। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को काफी लाभ मिला। इस बार लोगों ने चीनी उत्पादों को नकारते हुए पूरी तरह से भारतीय सामान को प्राथमिकता दी है, इससे व्यापारी उत्साहित हैं। व्यापारी अब देवउठनी एकादशी 12 नवंबर से शुरू होने वाले शादियों के सीजन पर बड़े व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### सुरक्षा की रही पुख्ता व्यवस्था

दीपावली के अवसर पर रात को पुलिस का पूरे जिले में पुख्ता इंतजाम रहा और गश्ती टीम लगातार सभी चौक चौराहों पर गश्त करती रही, इसी के चलते कांकेर में शांतिढंग से दीपावली का अवसर लोगों ने मनाया। पुलिस की गश्त रातभर चलती रही।

## पांच दिवसीय गौरी-गौरा महोत्सव आयोजन को देखने उमड़ पड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर में दिवाली महापर्व पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक धार्मिक पांच दिवसीय गौरी-गौरा महोत्सव का आयोजन किया गया। नगर में आयोजन का द्वितीय वर्ष है। महोत्सव को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ा पड़ा और उत्सव का आनंद लिया।

धनतेरस के पहले से गौरी-गौरा महोत्सव की तैयारी शुरू हो जाती है, जिसमें गौरी-गौरा यानी शिव पार्वती विवाह का उत्सव मनाया जाता है। धनतेरस के दिन से जागरण कर, फुलकुचनि , चूल माटी , एवं बारात कलश परघौनी की रस्म निभाई जाती है। कलश शोभा यात्रा के साथ बारात पूरे नगर में भ्रमण किया गया और सभी गौरी गौरा के बारात में सहभागी बनकर अपना सौभाग्य जीवन धन्य करने विराट जन सैलाब गवाह बने। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के समस्त सनातन सात्विक दैवीय शक्तियां विराजमान होकर उत्सव की शोभा बढ़ाया एवं सभी के सुख व समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम में देव देवी, विराजकर नाचते झूमते कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते रहे वहीं एक विशेष परंपरा सोंटा मरवाने की अनेक प्रकार के कष्टों के निवारण के लिए किया जाता है, जो देखने को मिला। इस प्रकार यह आयोजन छत्तीसगढ़ के संस्कृति को संजोने के साथ-साथ सनातन धर्म की जागृति और समाज को सुख समृद्धि प्रदान करने वाला रहा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिव गंधर्व, विवेक बघेल, पार्वती यादव, सावित्री श्रीवास्तव, उमा साहू , सुभाष विश्वकर्मा, जीआर मरस्कोले, दिलीप यादव, जीवन यादव, राकेश शेष पेज 10 पर





## बर्तन दुकान में राकेट पटाखे से लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दिवाली की रात कांकेर शहर के सुभाष वार्ड में एक भीषण आग ने हड़कंप मचा दिया। यह आग एक बर्तन की दुकान में लगी, जिससे आसपास के आबादी वाले इलाके में दहशत फैल गई। फायर ब्रिगेड और नगर पालिका के टैंकर को लगी भीषण आग पर काबू पाने तीन घंटे लग गए। आग से दुकान संचालक का नुकसान हुआ है, वहीं आसपास के लोग आग बुझने से राहत की सांस ली। चारामा विकासखंड के ग्राम अरौद में गैस एजेंसी के दफ्तर में शार्ट सर्किट से आग लग गई।

सुभाष वार्ड में रंगमंच के निकट बर्तन एवं प्लास्टिक हाऊस के सामने रात 10 बजे कुछ बच्चे आतिशबाजी कर रहे थे। दुकान के बाहर व ऊपर दीपावली के चलते कपड़ों व लाइट से सजावाट की गई थी। बच्चों द्वारा छोड़ा गया राकेट इन कपड़ों में चला गया और आग लग गई। टेरिकॉट का कपड़ा होने के कारण आग तेजी से भड़कते हुए दुकान की पहली मंजिल में रखे प्लास्टिक तक पहुंच गई। समान जलने लगे। आग लगने की जानकारी होते ही दुकान संचालक का छोटा भाई अनिल पटेल मीटर के पास पहुंचा तथा बिजली कनेक्शन काट दिया। दुकान के ओवर हेड वाटर टैंक के कनेक्शन से पानी का छिड़काव किया, लेकिन प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग भड़कते चली गई। आग की लपटे इतनी ऊंचाई तक उठ रही थी शहर के हर कोने से दिख रही थी। दुकान संचालक ने बताया सीसीटीवी कैमरे का देखने से पता चला कि आग बच्चों द्वारा फोड़े गए पटाखों से लगी है। आग पर पूरी तरह काबू पाने रात 1 बज गया। आग लगने की सूचना मिलने के 20 मिनट में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई, परंतु संकरा रास्ता व लोगों की भीड़ के बीच से मौके तक पहुंचने फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी और समय लग गया। राकेट की चिंगारी ने ऐसी आग पकड़ी कि दुकान संचालक का ऊपर रखा पूरा सामान जलकर खाक शेष पेज 10 पर



अमावस्या के कारण दीपावली के तीसरे दिन मनाया गया त्योहार

# गोर्वधन पर्वत की हुई पूजा-अर्चना, गाय-बैल को तिलक लगाकर खिलाई गई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दीपावली त्योहार के दूसरे दिन मनाया जाने वाला गोवर्धन पूजा इस वर्ष अमावस्या के चलते तीसरे दिन मनाया गया। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरों में भी गायों (गोधन) की पूजा किया गया।

गोवर्धन पूजा गौवंश के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। गांव में हर घर पर गाय-बैलों को नहलाया गया व पूजा की तैयारी की गई, जिसमें खिचड़ी के लिए बड़ा, पूड़ी व कंद कुम्हड़ा सब्जी व दाल चावल सभी को पकाने के बाद में एक में मिलाकर खिचड़ी तैयार किया गया। घरों में पूजा करने के लिए गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा की गई, जिसके बाद गाय-बैलों की पूजा कर तिलक लगाया गया व मुंह धोकर खिचड़ी खिलाया गया। गाय-बैल के खिचड़ी खाते ही घर के सदस्य भी खाना खाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। अपने घर के गाय बैलों को खिचड़ी खिलाने के बाद मोहल्ले के सभी घरों में जाकर दूसरे के गाय बैलों को खिचड़ी खिलाया गया व फटाखे फोड़ते हुए पर्व मनाया गया।



### मातर त्योहार में राऊत नाचा की धूम

दीपावली पर्व आने के साथ ही सालभर गाय बैलों को चराने वाले यादव समाज का राऊच नाचा भी शुरू हो जाता है, इसके साथ ही कई गांवों में मातर का पर्व भी मनाया जाता है, जहां पर राऊत अपने पूरी वेशभूषा के साथ पहुंचकर बाजे पर दोहा गाते हुए नाचते है और प्रतियोगिता में हिस्सा लेते है, इस दौरान विजयी टीम को पुरूस्कृत किया जाता है। गांव गांव में प्रत्येक घरों में नृत्य करने वाले नाऊत घरों से सालभर गाय बैल को चराने का धान व पैसे के रूप में अपना मजदूरी लेते है और परम्परा को निभाते है। कई जगहों पर आज के दिन रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है, जहां पर प्रतिभागी पहुंचकर सुआ नृत्य करेंगे और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बनसागर में मनाया गया गोवर्धन पूजा

**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में दीपावली पर्व के एक दिन बाद गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम बनसागर में घर-घर में गाय बैल की पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाया गया। इसके पूर्व गांव में गौरा गौरी का पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया और वहीं सार्वजनिक रूप से गाय बैल का ग्रामीणों के द्वारा पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाया गया। गांव के प्रमुखों के द्वारा पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि एवं खुशहाली की देवी देवताओं की प्रार्थना की गई। दीपावली पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया और एक दूसरे को शुभकामना देते रहे एवं बड़ों के द्वारा छोटे बच्चों को आशीर्वाद दिया गया।




पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### सहकारी कर्मियों का आंदोलन 4 को रायपुर में

**पुरी।** प्रदेश के 33 जिलों में कार्यरत लगभग 13,000 कर्मचारी अपनी लंबित जायज मांगों को लेकर 4 नवंबर को संभाग स्तर पर तूता रायपुर में आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक ऑपरेटर विक्रेता ,चपरासी, चौकीदार इस बार आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। बताया कि 4 वर्षों से समिति के कर्मचारियों को दीपावली बोनस नहीं मिला है। कई मांगों को लेकर कर्मचारी 4 नवंबर को संभाग स्तरीय आंदोलन में शामिल होंगे।

### प्रताड़ना से तंग आकर सरकारी कर्मचारी ने मौत को गले लगाया

**धमतरी।** रायपुर राजस्व शाखा में पदस्थ प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। ब्राम्हण समाज ने इस मामले को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और प्रदीप को प्रताड़ित करने वाले तीन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बुधवार को ब्राम्हण समाज का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टोरट पहुंचा और अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश युवा मंच अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने बताया कि प्रदीप ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या की है। सुसाइट नोट में उसने तीन अधिकारियों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड में जातिसूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर लगातार प्रताड़ना की बात लिखी गई है। इससे रायपुर ही नहीं पूरे प्रदेश के ब्राम्हणों में आक्रोश है। राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। समाज के पीयूष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा व युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा ने इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### केशकाल घाट में निर्माण कार्य, सिहावा रोड में लग रहा जाम

**धमतरी।** नेशनल हाईवे स्थित केशकाल घाट में इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चालू है। सड़क अवरूद्ध होने से वाहनों का रूट डायवर्ट किया जा रहा है। बस्तर, जगदलपुर जाने वाले वाहनें धमतरी शहर से होकर सिहावा रोड के माध्यम से नगरी बोराई पहुंच रहे हैं। धमतरी पहुंचने पर मालवाहकों के कारण अर्जुनी चौक से सिहावा चौक तथा सिहावा रोड से अछोटा पथकर तक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जाम के कारण छोटे वाहन, बाइक, राहगीरों काफी परेशानी हो रही है। शहर के नागरिकों ने मालवाहकों को कांकेर से रूट बदलकर भेजने की मांग की है। विदित हो कि धमतरी की सड़क वैसे भी जर्जर है। ऊपर से 30-40 टन क्षमता वाले वाहनों के गुजरने से सड़क उखड़ने लगी है। दिन भर वाहनों की रेलमपेल से शहर की आबोहवा पूरी तरह प्रदूषित हो गई है। धूल का गुब्बार उठने लगा है। इन सब समस्याओं को देखते हुए नेशनल हाईवे बाईपास का निर्माण किया गया है। बाईपास बनने के बाद 80 प्रतिशत हैवी वाहनों का रूट डायवर्ट हो गया है। वाहनों के शहर प्रवेश नहीं होने से नागरिकों ने राहत की सांस ली थी लेकिन इसी बीच केशकाल घाटी में सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इससे अब बाईपास में चलने वाले सभी 80 प्रतिशत वाहनें धमतरी होते हुए सिहावा मार्ग में चलने लगे हैं जो नगरी बोराई होते हुए बस्तर पहुंच रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

**रोड को बना दिया पार्किंग :** शहर के नागरिक शिव पटेल, ऋषि पटेल, त्रिलोक बंजारे, भागवत साहू, सिहावा रोड के निवासी ने बताया कि हैवी वाहनों के चलने से सिहावा रोड में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। रात्रि विश्राम व भोजन के लिए चालक रोड किनारे वाहन को खड़ा कर देते हैं। रात के अंधेरे में वाहनों के टकराने का खतरा बढ़ गया है।

**वाहनों के लिए बनाया वैकल्पिक मार्ग :** जानकारी के मुताबिक रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए धमतरी होते हुए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। रायपुर से धमतरी, चारामा मार्ग बनाया गया है। वाहन रायपुर से धमतरी, चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी, केशकाल, कोंडागांव होते हुए जगदलपुर पहुंचेंगे। इसी तरह जगदलपुर से रायपुर के लिए जगदलपुर, कोंडागांव होते हुए दुधावा चारामा धमतरी पहुंचेंगे।

### 5 दिन पूर्व लाखों रुपए के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को भेजा जा चुका है जेल

# नकली नोट के साथ फिर एक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव थाना पुलिस ने नकली नोट मामले में फिर एक बार सफलता मिली है। 500-500 के 9 नकली नोट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया है ।

अपराध क्रमांक 148/2024 धारा 179 बीएनएस में आरोपी राजेश सोरी को 01 लाख 05 हजार रुपए के नकली नोट के मामले में गिरफ्तार पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल को मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा नकली नोट के अन्य अपात निर्यात य परिवहन के अन्य आरोपी की पत्तासाजी सुराग लगाई जा रही थी। इसी दौरान 01 नवम्बर को मुखबिर के सूचना पर तत्काल फरसगांव पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये आरोपी प्रेमानंद सरकार उर्फ मोना मण्डल पिता निरापद सरकार (44), निवासी ट्राजिट कैम्प रुद्रपुर वार्ड नम्बर 01 थाना ट्राजिट कैम्प जिला उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड के कब्जे से पेश करने4 पर 500-500 रुपए के 09 नग नकली नोट, कुल 04 हजार 500 रुपए जब्त किया गया।

■ आरोपी से 500-500 के 09 नकली नोट, कुल 04 हजार 500 रुपए किए बरामद



### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

आरोपी के कब्जे से नकली नोट बरामद होने का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से वैधानिक कार्यवाही करते हुये 01 नवम्बर को गिरफ्तार कर 02 नवम्बर को विधिवत कार्यवाही के बाद न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि, पिताबर कठार, म.प्र. आर. बीना मण्डावी, आरक्षक फरसुराम मरकाम, किरण नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी

**केशकाल।** केशकाल नगर के बस स्टैंड में स्थित गांधी मोबाइल शॉप में बीती रात 2 नकाबपोश चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। चोरों ने दुकान की शटर का ताला तोड़ कर 5-6 लाख रुपए की कीमत के लगभग 30 मोबाइल चोरी किए हैं। बताया जा रहा है कि रात लगभग 1 बजे 2 नकाबपोश युवक पैदल चलकर बस स्टैंड की ओर आए। पहले उन्होंने बस स्टैंड के कोने में लगे एटीएम मशीन को तोड़कर पैसे निकालने का प्रयास किया। लेकिन उसमें असफल होने के बाद चोरों ने ठीक सामने स्थित गांधी मोबाइल दुकान की शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और लगभग 6 लाख रुपए की कीमत के 25-30 मोबाइल चोरी कर के फरार हो गए।

गांधी मोबाइल दुकान के मालिक जितेंद्र गांधी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने शटर खुला हुआ देखा तो मुझे सूचना दी। मैने दुकान पहुंच कर देखा तो ताला टूटा हुआ था और शटर भी




खुला था। किसी भी चीज़ को हाथ न लगाकर मैंने तत्काल केशकाल पुलिस को मामले की सूचना दी। केशकाल टीआई ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया है और जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन भी दिया है।

## मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व, गायों की पूजा कर खिलाई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

लक्ष्मी पूजा के बाद शनिवार को फरसगांव नगर व आसपास के क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। कृषक सहित पशुपालकों ने अपने अपने घरों में गोवर्धन पूजन किया। इसके लिए लोग सुबह से ही अपने गाय व बैलों को तालाब व नदी में नहालाकर उन्हें सजा धजा कर पूजा-अर्चना कर खिचड़ी खिलाई गई , जिसके बाद आतिशबाजी भी की गई।

फरसगांव क्षेत्र के लोग गौ माता को खिचड़ी खिलाने के बाद परिवार के सभी लोग खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते हैं और पूजा पाठ के बाद माता लक्ष्मी से यह प्रार्थना करते हुए कहते है कि सदैव उनके और उनके परिवार के पर उनकी कृपा बनी रहे। घर धन-धान्य से भरा रहे। आपको बता दे कि यह पुरानी परंपरा है और लोग वर्षों से इस परंपरा के अनुसार यह पर्व मनाते चले आ रहे हैं। किसानों की रोजी-रोटी और परिवार कृषि पर निर्भर रहता है और कृषक परिवार में इन पशुओं की अहमियत बहुत अधिक होती है। गौ माता के कृपा से उन लोगो का परिवार चलता है।

इसलिए साल में एक दिन इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जहाँ शनिवार को फरसगांव क्षेत्र के लोगो ने भी इस गोवर्धन पूजा को बड़े धूम धाम से अपने अपने घरो में मनाया।



## निर्धन बच्चों को दिवाली पर उपहार में दिए जूते–मोजे, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

करंजी संकुल केंद्र के प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में शिक्षक टी.ऐंकट राव ने इस दिवाली पर जरूरतमंद बच्चों की सहायता कर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। राव ने अपनी मेहनत की कमाई से सात निर्धन छात्र–छात्रओं के लिए जूते–मोजे खरीदे और उन्हें उपहार स्वरूप भेंट किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम सरपंच इम्लेश्वरी बघेल ने इस कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कदम ग्रामीण बच्चों में शिक्षा के प्रति प्रेरणा को बढ़ाते हैं।



शिक्षक राव ने पहले भी आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए समय–समय पर शाला गणवेश, पाठ्य सामग्री और अन्य जरूरतें पूरी करने का प्रयास किया है। इस वर्ष दीपावली के अवसर पर उन्होंने अपने सहयोग से बच्चों के चेहरों पर खुशी लाने का प्रयास किया।

इस मौके पर ग्राम सरपंच इम्लेश्वरी बघेल, संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षिका सारिका वैष्णव, विक्की दीवान, पंचायत के सदस्य, छात्र–छात्राएं और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जोन्दरा पदर विद्यालय में सांस्कृतिक नृत्यों, गीतों के साथ मनाया राज्य स्थापना दिवस व दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस व रोशनी के त्योहार दिवाली के अवसर पर प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में परम्परागत भरतीय संस्कृति से बच्चों को परिचित कराने परम्परागत हाथ से बने मिट्टी के दीयों से विद्यालय को रोशन करने के साथ साथ प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में फूलों की रंगोली बनाई। साथ ही भगवान राम, कृष्ण की परम्परागत वेशभूषा धारण कर आकर्षण जनजातीय सांस्कृतिक लोकनृत्य की प्रस्तुतियो ने सबको प्रभावित किया।

■ फूलों की रंगोली दीपों की रोशनी से विद्यालय हुआ रोशन



**राज्य स्थापना दिवस के साथ स्वच्छ दिवाली सार्थक दिवाली का संदेश :** राज्य स्थापना दिवस के साथ स्वच्छ दिवाली सार्थक दिवाली का संदेश देते हुए स्वच्छता अभियान चलाया।

बच्चों को कपड़े व कागज के थैली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी की जीवनी से बच्चे प्रेरित परिचित हुए। बच्चों ने आकर्षक लोक नृत्यों, गीतों, का गायन कर राज्योत्सव व दीप पर्व की खुशियां मनाई।

## नगरी में बेहतर पुलिसिंग से आपराधिक घटनाओं में आई कमी




■ टीआई ताम्रकार की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

नगरी में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में थाना प्रभारी शरद ताम्रकार सफल हो रहे हैं। नगरी में पूर्व में चाकूबाजी, गांजा एवं अन्य आपराधिक घटनाएं बेलगाम हो रही थीं लेकिन जब से शरद ताम्रकार ने नगरी में थाना प्रभारी का पद संभाला है तब से अपराधियों के हौसले पस्त हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है जो अब अपराधियों की दहशत के साए से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं।

नगरी में पेट्रोलिंग एवं आम जनता के बीच समन्वय के साथ ही बेहतर पुलिसिंग देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि नगर के कई मोहल्लों में गंजेड़ी, चाकूबाजों की टोली सक्रिय रहती थी जो आए दिन बड़ी बड़ी वारदात को अंजाम देती थी। किन्तु अब ऐसी टोलियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। शरद ताम्रकार के आते ही नगर में कानून व्यवस्था बेहतर हो गई है। इससे नगरवासी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि जब अपराध में भारी कमी देखने को मिल रही है।

इसकी एक ही वजह बेहतरीन पुलिसिंग के साथ कड़ाई से कानून व्यवस्था को लागू कराना है जिसका पूरा श्रेय थाना प्रभारी को जाता है।

## जरुरत के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का अत्यधिक मात्रा में साज-सज्जा किया जाता है जिससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। अति भार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन-धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि घरों में लाइटिंग हेतु कटे-छिले, निर्धारित मापदण्ड से कम एवं अमानक श्रेणी के वायर झालर या अन्य लाइटिंग बल्ब का उपयोग किये जाने से इसके संपर्क में आने से विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है।

कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है, जिससे भी विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। कई स्थानों पर विद्युत के चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि मानक श्रेणी के सही वायर एवं उपकरणों का उपयोग करें। आवश्यकतानुसार ही विद्युत का उपयोग करें।

### औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के खाद्य परिसरों का किया निरीक्षण

**धमतरी।** दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के खाद्य परिसरों श्री वीरम स्टोर्स नगरी, जायका जहान धमतरी, जेसी चॉकलेट धमतरी, जतिन ट्रेडिंग धमतरी, गोपी डेयरी धमतरी, ओम प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, श्री भगवती बेकरी धमतरी, अमर प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, जैन सुपर बाजार धमतरी, शैल सुपर मार्ट रत्नाबांधा, श्री रामजानकी लेनदेन केन्द्र रत्नाबांधा का निरीक्षण किया। वहीं महानागणेशी बीकानेर स्वीट्स कुरूद, अनुराधा स्वीट्स कुरूद, कृष्णा स्वीट्स कुरूद, श्री शुभ डेयरी भखारा, कृष्णा डेयरी एवं डेलीनीड्स भखारा, गौरव सुपर कलेक्शन मगरलोड, निषाद किराना स्टोर्स मेघा का निरीक्षण किया गया एवं जांच हेतु बेसन लड्डू, रसगुल्ला, सोनपापड़ी, खोवा, बेसन, पनीर, दूध, खाद्य तेल का नमूना संग्रहण किया।

## मिर्जापुर का गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

ज्यूपिटर स्कूटी में अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे मिर्जापुर उत्तरप्रदेश के गांजा तस्कर को अर्जुनी व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

जिले में हो रही अवैध शराब व गांजा बिक्री पर अंकुश लगाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पुलिस को निर्देशित किया गया है, जिसके तहत मंगलवार को पुलिस नगरी रोड में मथुराडीह मोड़-भोयना के पास वाहन चेकिंग कर मोटर व्हीकल्स एकट के तहत कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान नगरी की ओर से आ रही ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक यूपी 63 एजेड 5573 को रोककर तलाशी ली गई। चेकिंग में स्कूटी से 4 पैकेट गांजा 9 किलो 592 ग्राम कीमत 1 लाख 43 हजार 80 रूपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक ने पूछताछ में अपना नाम रविशंकर विंद पिता कन्हैया उम्र 26 वर्ष ग्राम सेमरी थाना विंध्यांचल जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश निवासी बताया। युवक की तलाशी के दौरान नकदी 18 सौ व एक एंड्राइड मोबाइल बरामद किया। आरोपी के कब्जे से स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस ने धारा 20-बी-1, बी-2 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी रविशंकर विंद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ आरोपी से 1.43 लाख का अवैध गांजा बरामद



इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ लोकेश नेताम, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, विकास द्विवेदी, फनेश साहू, कमल जोशी, धीरज डडसेना, योगेश ध्रुव, देवेन्द्र साहू, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, अर्जुनी थाना से एएसआई अजय बनारसी, प्रआ विजय बैरागी, आरक्षक मनोज साहू व तेजराम साहू का योगदान रहा।

### कुरूद कालेज में पटेल जयंती पर हुआ आयोजन

## छात्रों को दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

27 छग बटालियन रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं लेफ्टिनेंट कर्नल आदिप के निर्देशानुसार महाविद्यालय के आचार्य डॉ. डीके राठौड़ एवं जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर के नेतृत्व में महाविद्यालय के एनसीसी एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर की स्मृति के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभी छात्रों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। एनसीसी अधिकारी मेजर डा. ओमजी गुप्ता ने लौह पुरूष सरदार पटेल के कार्यों के बारे में



जानकारी दी। आचार्य डॉ. डीके राठौर ने स्वतंत्रता पश्चात की ऐतिहासिक स्थिति और परिस्थिति जन्य चुनौतियों पर व्याख्यान दिया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने आज के वैश्विक वातावरण में आखर राष्ट्रवाद एवं सरदार पटेल की आासंगिता के बारे में छात्रों को अवगत कराया। बटालियन की ओर से भारतीय सेना के हवलदार दिनेश वोली उपस्थित थे।

## ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**धमतरी।** अपने ससुराज से स्कूटी में वापस घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। इस घटना में घायल युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार शिवा बडोले पिता ईश्वर उम्र 28 वर्ष ग्राम मनकेशरी जिला कांकेर निवासी 27 अक्टूबर की सुबह स्कूटी में सवार होकर अपने ससुराल चारामा गया था। वहां से शाम को नेशनल हाईवे होते हुए वापस अपने घर ग्राम मनकेशरी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम रतेसरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसकी स्कूटी को चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। ट्रक की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल लाया गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे धमतरी रिफर कर दिया। घायल को रत्नाबांधा रोड स्थित गुप्ता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## पेज 9 के शेष

### शहरी एवं ग्रामीण...

ही कुबेर देवता भी पूजे गए। व्यापारियों ने दुकानों, शोरूमों और प्रतिष्ठानों में पूजा किया। फुलझड़ियां, पटाखे जलाकर खूब मस्ती की पूरे इलाके में गुरूवार को दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम को घरों में पूजा पूरी होने के बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। बच्चों ने बड़ों के साथ मिलकर फटाखे फोड़े। फटाखे फोड़ने के साथ साथ गांवों पर देव गौरा-गौरी की पूजा करने के लिए बाजा बजाकर मूर्ति स्थापना व गीत गाकर गौरा-गौरी कर पर्व मनाया गया।

### पांच दिवसीय गौरी-गौरा...

देवांगन, कार्यकारी अध्यक्ष वृंदा मालेकर, देवला गंधर्व, मीडिया प्रभारी अनुज तिवारी, नरेंद्र सिन्हा का रहा, वहीं समिति के संरक्षक नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, चंद्रमौली मिश्रा, जगननाथ साहू, सुरजा यादव, उमाशंकर चंद्रोल, लीला बाई , दुवासिया बाई, लिखू यादव, लिखेश यादव, यशोदा, वृंदा कुलदीप, गोकुल यादव, बनठा यादव, अजय शर्मा, टिन्नी यादव, दाऊ लाल साहू, अंकित देवांगन, अनुसुईया विश्वकर्मा, संतिला तारम, हिरोंदी मंडावी, बसंती नेताम, इंदु नेताम, लक्ष्मी नारायण बाग, संजय साहू, रतनलाल करियम आदि समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### बर्तन दुकान में...

हो गया। सामान धधक धधककर जल रहा था। वहीं फायर ब्रिगेड और नगर पालिका से पानी का टैंकर आग पर काबू पाने के लिए पहुंचा। फायर ब्रिगेड ने जैसे तैसे आग की लपटों को शांत किया और उसके बाद अग्निशमन की टीम ऊपर पहुँचकर आग लगे स्थल में लगी आग को पूरी तरह बुझाया। उसके बाद दुकान संचालक और आसपास के लोगों ने राहत की सांस लिया। मुहल्लेवासियों का कहना था कि आग छत वाले हाल तक ही सिमट गई और आग की लपटें नीचे आ जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था, उसका कारण यह था कि उनके निवास व दुकान में गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग सिलेंडर तक पहुँच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस बात में कितनी सत्यता है, यह जाँच के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

### कांकेर में आज...

कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत एक दिन रात विश्राम कर 4 नवंबर को सुबह11 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

श्री
।। पितृ कृपा ।।
SB MARBLES
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाईट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार बलरामपुर में पुलिस प्रताड़ना से पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत व प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ 3 नवंबर को समय 12:30 बजे से कामानार दरभा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें पूर्व विधायक सहित प्रदेश, जिला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, जोन प्रभारियों, पोलिंग बूथ अध्यक्षों, एलडीएम टीम, सेवादल, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अन्य प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारी, समन्वय समिति, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगर निगम, त्रि-स्तरीय पंचायत, सहकारिता क्षेत्र के सभी निर्वाचित, मनोनीत जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रदेश तथा जिला पदाधिकारी कार्यक्रम में अधिक संख्या में उपस्थित होकर आवश्यक रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### ओसवाल संघ ने मरीजों को फल एवं बिस्किट बांटा

**गीदम।** ओसवाल जैन समता युवा संघ गीदम द्वारा अहिंसा के अवतार 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम में मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किया गया। साथ ही डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स को मिठाई देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समता युवा संघ के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल बुरड़, गौरव सुराना, समता युवा संघ के अध्यक्ष मदन गोलछा, उपाध्यक्ष विकास भंसाली, उत्तम बुरड़, महामंत्री राजेश सुराना, सचिव रविश सुराना, कोषाध्याक्ष नवरतन बुरड़, नीरू दुग्गड, जसराज सुराना, जोगराज सुराना, दिलीप बरडिया, रोशन लोढ़ा, विजय बुरड़ एवं बड़ी संख्या में युवा सदस्य उपस्थित रहे।

### सीआरपीएफ आईजी ने किया नक्सल क्षेत्र का दौरा

**कोंटा।** छत्तीसगढ़ सेक्टर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल ने 1 नवम्बर को नक्सल विरोधी अभियान को गति देते हुए सुकमा क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 50वीं बटालियन सीआरपीएफ के कैंप करीगुंडम में रात्रि विश्राम के दौरान जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके साथ दीपावली का त्योहार मनाया और मिठाइयों का वितरण किया। राकेश अग्रवाल ने सीआरपीएफ जवानों के कार्य की सराहना करते हुए जल्द ही नक्सल उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने का विश्वास जताया।

अंधेरी रात दीपक की रोशनी से जगमगा उठी

# हर्षोल्लास के साथ नगर में मना दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

■ पूजा-अर्चना के बाद जमकर हुई आतिशबाजी

नगर व आस-पास के क्षेत्रों में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धन व वैभव की देवी मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गयी।

पांच दिनी दीपावली पर्व की शुरूआत मंगलवार के दिन धनतेरस के साथ शुरू हुई, जो रविवार को भाई दूज पर्व तक अखण्ड रूप से मनाया जायेगा। इस पांच दिनी उत्सव के तीसरे दिन मां लक्ष्मी के स्वागत में सम्पूर्ण नगर पूरी तरह से तैयार दिखा। इन पांच दिनों में मां लक्ष्मी के स्वागत के लिये घर-घर में उल्लास का माहौल रहा।

कार्तिक अमावस्या की अंधेरी रात दीपक की रोशनी से जगमगा उठी और इन दीपकों ने अंधेरे को पराजित कर जीवन में उजियारे की उम्मीद जगायी। घर-आंगन के साथ-साथ पूरा नगर प्रकाशमय हो गया। लोगों ने जमकर आतिशबाजी के साथ दीपों के पर्व को धूमधाम से मनाया। इसके बाद उन्होंने गोवर्धन पूजा के दिन गाय व बैल की पूजा की। दीपोत्सव के अंतिम दिन भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा।





# यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

श्री कृष्ण मंदिर निर्माण आरक्षित स्थल कोंटा डेंग में गोवर्धन पूजा के दिन यादव समाज के द्वारा पूजा-अर्चना कर गौ-माता को खिचड़ी खिलायी गई, और लोगों को प्रसाद के रूप में भी खिचड़ी वितरण किया गया। सुकमा में दीपावली के दूसरे दिन शनिवार को यादव समाज ने धूमधाम से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के लोग श्री कृष्ण मंदिर निर्माण स्थल कोंटा डेंग पहुंचे।

यादव समाज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गोवर्धन पूजा की परंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान मौजूद लोगों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी का वितरण किया गया। जमकर आतिशबाजी की।



यादव समाज ने गोवर्धन पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रमेश यादव, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, समाज के सदस्य वंदना यादव, सावित्री यादव, ईशा यादव, लक्ष्मीनाथ यादव, देव कुमार यादव, सहादेव यादव सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

# जोन स्तरीय प्रतियोगिता 5 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं 1 से 15 नवम्बर के मध्य आयोजित होनी है। जिसके तहत बस्तर जिले के विभिन्न विकासखंडों में 5 नवंबर से जोन स्तरीय प्रतियोगिता प्रारंभ होगी।

जिन खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक 2024 के लिए अपना पंजीयन कराया है, वे खिलाड़ी अपने विकासखंड की जोन स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। जोन स्तरीय प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का पार्ट होगी। जोन स्तर पर एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, रस्साकसी, कराते और आर्चरी की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। जोन स्तर के विजेता विकासखंड स्तर पर भाग लेंगे। विकासखंड के विजेता जिला स्तर पर भाग लेंगे, और जिला स्तर के विजेता संभाग स्तर पर भाग लेंगे। जिला स्तर पर हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग की प्रतियोगिता सीधे आयोजित की जाएगी।

बस्तर ओलंपिक 2024 के लिए पंजीकृत सभी खिलाड़ी बस्तर ओलंपिक 2024 के अंतर्गत जहां से भी पंजीयन कराये है, वे अपने ब्लॉक के जोन स्तर पर शामिल होकर, इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने। जोन स्तर होने के पश्चात विकासखंड स्तरीय आयोजन होगा, जिसमें जोन स्तर से विजेता खिलाडी भाग लेंगे। विकासखंड के विजेता होने के पश्चात खिलाड़ी जिला स्तर पर शामिल हो सकेंगे, किसी भी खिलाड़ी को जिला स्तर पर सीधे प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सिर्फ हॉकी और वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी सीधे जिला स्तर पर शामिल हो सकेंगे। सभी खिलाड़ी बस्तर जिले में 5 नवंबर से विभिन्न विकास खंडों के जोन स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल हो।

नगर निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बस्तर के खिलाड़ी जगदलपुर विकासखंड एवं बस्तर विकासखंड में शामिल हो सकेंगे। इसके लिए नगर निगम द्वारा जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र एवं बस्तर नगर पंचायत क्षेत्र के खिलाड़ियों से नगर निगम कार्यालय अथवा जनपद पंचायत से संपर्क कर प्रथम चरण की प्रतियोगिता में अनिवार्य रूप से शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

# हर्षोल्लास से मना ईशर गौरा महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दक्षिण बस्तर परिक्षेत्र आदिवासी ध्रुव गोंड समाज जगदलपुर के द्वारा पथरा गुड़ा में पांच दिवसीय ईशर गौरा महा पर्व गत दिवस आयोजित किया गया। जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्तियों की सहभागिता रही। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में हर दिन शाम को महिलाओं की टोली घर-घर जाकर सुवा गीत गाकर नाचती थी।

बदले में चावल, पैसा, फल आदि उन्हें उपहार स्वरूप भेंट दी जाती थी, रात में गौरा चावरा में महिलाएं एकत्र होकर गौरा गीत गाकर भगवान ईशर गौरा को जगाती थी और फिर उन्हें सुलाती थी। अमावस्या के दिन ईशर गौरा की मूर्ति बनाने ढोल-बाजे के साथ कुवांरे लोग मिट्टी लाकर उनकी मूर्ति बनाकर शाम को परघावन का कार्यक्रम किए।




जिसमें समाज की महिला, युवती अपने सिर में करसा लेकर घर-घर गई। सभी घर से करसा लेकर अंत में उस स्थान गए, जहां ईशर गौरा-गौरी की मूर्ति बनी थी। ईशर गौरा की पूजा-अर्चना कर युवतियां अपने सिर में रखकर बारात के शक्ल में निकली। युवाओं की टोली आगे-आगे बम फटाकों से उनका स्वागत करते हुए चले, देर रात तक यह कार्यक्रम चलता रहा। दूसरे दिन विसर्जन कर महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# खेल प्रतिभाओं को तराशने किया जा रहा प्रयास : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुंगापाल में तृतीय वर्ष भी कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन रखा गया था। जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया था। सभी खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों ने अपना उचित प्रदर्शन दिखाया था, किंतु कड़े संघर्ष और परिश्रम से आज खोरखोशा और मांदर के बीच टूर्नामेंट खेला गया। जिसमें खोरखोशा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 43-32 से मैच अपने नाम कर फाईनल खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि खेल प्रतियोगिता में टीम की जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण यह होता है कि टीम ने क्या नया सीखा। अपने खेल को निखारने के लिए क्या नया अर्जित किया, निश्चित रूप से सभी टीमों ने यहां ऐसा बहुत कुछ अर्जित किया होगा, जो उनके खेल को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि खेलकूद न सिर्फ हमें स्फूर्तिवान बनाता है, बल्कि काम के तनाव से मुक्ति भी दिलाता है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाता है। अपने कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के साथ-साथ हमारे गांव, जिला, राज्य, माता-पिता का नाम रौशन करना हैं। विधायक बघेल ने कहा बस्तर में खेल प्रतिभाओं को तराशने प्रयास किया जा रहा है।



बागमोहलई दियारी त्यौहार में विधायक बघेल शामिल होकर ग्रामीणों एवं माता-बहनों से मिले। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने विधायक से गांव की समस्याओं के विषय अवगत कराया। जिस पर विधायक ने खुद जाकर मौजूदा स्थिति का जायजा लेकर जल्द समस्या का समाधान करने की बात कही। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बालेशचंद्र दुबे, जिला पंचायत सदस्य तुलाराम सेठिया, मंगलसाय, नीलम कश्यप, रामदास बघेल, मोनू कश्यप, राजेश कश्यप, पिंटू तिवारी, तुलसीराम ठाकुर, हरदास बघेल, धनेश्वर कश्यप, प्रदीप, धनपति सोनसिंह, राजकुमार, नोबसागर, उमाशंकर, गोलू, बबलू, लोकेश, संजू, धर्मेंद्र, रिवाज, शक्ति, दयालु, युवराज, गोलू कश्यप, रूपसिंह, विजय, सोमन राम, कौड़ियां राम, दशरथ, भारत, पुरनसिंग, पाकलू सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# घर-घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

जिला बीजापुर के ग्राम पंचायत गोटाईगुड़ा, विकासखण्ड भोपालपटनम, जिला मुख्यालय से लगभग 60 किमी. दूरी पर स्थित है, ग्राम में 226 परिवार निवासरत है। यहां एक आंगनबाड़ी और एक स्कूल संचालित है। गांव में पेयजल हेतु 43 हैण्डपंप स्थापित है। इसी से ग्रामीणों को पेयजल की व्यवस्था होती रही है। जल जीवन मिशन योजना के आने के बाद गोटईगुड़ा में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से प्रत्येक ग्रामवासियों के घरों में जल प्रदाय किया गया है, ग्राम में 226 नग घरेलू नल कनेक्शन दिये गये है। ग्राम गोटाईगुड़ा में जल जीवन मिशन योजना आने के बाद ग्रामवासी अत्याधिक उत्साहित है। अब हर घर नल लग जाने के बाद घरों में ही स्वच्छ जल प्राप्त हो रहा है, जिससे उनके समय की बचत होगी, बचत समय का उपयोग अब वे आसानी सें अन्य कार्यों में दे पा रहे है। मनोज गोटा द्वारा चर्चा किये जाने पर बताया गया कि समय-समय पर मोटर चालू कर पानी भरने का कार्य आपरेटर द्वारा किया जा रहा है तथा सभी घरों में जल प्रदाय हो रहा है।



Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव

एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# मां काली की प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर में मां काली की प्रतिमा की स्थापना श्री श्री श्यामा काली सार्वजनिक उत्सव समिति द्वारा की गई है और माता की पूजा अर्चना धूम-धाम से की जा रही है।

■ प्रतिदिन भंडारा प्रसाद का हो रहा वितरण

उत्सव समिति के अध्यक्ष विधान मंडल, नितेश गाइन, उपाध्यक्ष मनोरम विश्वास, दीपक मंडल, सचिव प्रणय बाला, अमित अधिकारी, सह सचिव पंकज मंडल, दीपक बोस, कोषाध्यक्ष सुजय घोष, अशोक रॉय व बंगीय समाज के सदस्यों के द्वारा मां काली की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान से की गई। गौरतलब है कि नगर में लगभग बीस वर्षों से भी अधिक समय से मां काली की प्रतिमा की स्थापना बंगीय समाज के द्वारा लगातार की जा रही है। नगर व आस-पास के क्षेत्र के लगभग अस्सी-नब्बे परिवार मिल कर मां काली की प्रतिमा की स्थापना प्रति वर्ष करते है व तीन से पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व में नगर के सभी समुदाय के लोग बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता दर्ज कराते है। मां काली की पूजा-अर्चना के साथ प्रतिदिन भंडारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। मां काली के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे है। 31 अक्टूबर गुरुवार की मध्य रात्रि श्री श्री श्यामाकाली की स्थापना व पूजा की गई। 1 नवंबर को आरती व प्रसाद वितरण, 2 नवंबर को खीर का भंडारा, 3 नवंबर को खिचड़ी का भंडारा आयोजित किया जाएगा। वहीं 4 नवम्बर को श्री श्री श्यामाकाली माता की प्रतिमा का विर्सजन किया जाएगा।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अधिक से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य अवश्य बने : चैतराम

**गीदम।** भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी गीदम ब्लॉक के हीरानार में आयोजित भाजपा गीदम मण्डल के सक्रिय सदस्यता अभियान के बैठक में आज शामिल हुए। अटामी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाकर रशीद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी, सर्वस्पर्शी एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व से प्रभावित होकर कुछ ही महीनों में करोड़ों लोगों ने विभिन्न राज्यों में भाजपा की सदस्यता ली है। आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जो लोग भाजपा के सदस्य बने है, वे ही जनप्रतिनिधि भी बनेंगे। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमें मुझ जैसा साधारण गांव, गरीब एवं किसान का बेटा विधायक और जिलाध्यक्ष बन सकता है। आगामी चुनावों में सदस्यता अभियान में जो जनता दिल खोलकर भाजपा से जुड़ रही है, वो आशीर्वाद भी देगी। सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में प्राथमिक सदस्य बनाकर, सक्रिय सदस्य अवश्य बने।

### कांकेर ने लालबाग को और बीआईओसी ने तितिरगांव को हराया, दिखा उत्साह

**जगदलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे रतन टाटा स्मृति के टूर्नामेंट के शनिवार को पहले सेमीफाइनल में पहला मुकाबला लालबाग और कांकेर के बीच खेला गया। जिनमे कांकेर की टीम जीत हासिल की। वही दूसरा मैच बीआईओसी तितिरगांव योद्धा के मध्य हुए मुकाबला मे बीआईओसी सेमी फाइनल जीता। इस तरह रविवार को कांकेर और बीआईओसी के बीच खिताबी भिड़ंत होगा।

### निधन

#### हनसराम बघेल

**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम ओडाहूर के



निवासी 75 वर्षीय कोटवार हनसराम बघेल का हृदय घात से निधन हो गया है। अंतिम संस्कार गृह ग्राम ओडाहूर किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी शामिल हुए।

सफलता : पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में मंचा हड़कंप

# पखांजुर व बांदे इलाके में दो दिनों में 33 जुआरियों को जुआं खेलते पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दीपावली पर्व पांच दिनों का है, परंतु जुआरी इस मौके का फायदा उठाकर दीपावली के पहले से जुआं खेलने में लिप्त हो जाते है, वहीं पुलिस को भी इसकी जानकारी होने पर जुआं खेलने वालों को पकड़कर धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया है। दो दिनों में पखांजुर पुलिस ने 33 जुआरियों को पकड़ा है, इसमें कई जुआरी जनप्रतिनिधियों के बेटे व रिश्तेदार है।

जुआं की लगातार खबर मिलने पर पुलिस भी दीपावली के समय सक्रिय हो जाते है और जुआं खेलने वालों पर कार्यवाही करती रहती है। पुलिस दीपावली के मौके पर शांति बनाए रखने के लिए लगातार गश्त करती रही, वहीं जुआ खेलने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े और उन पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### पीव्ही 09 सत्यानंदपुर में 6 जुआरी पकड़ाए

पखांजुर पुलिस ने पीव्ही 09 सत्यानंदपुर प्राथमिक शाला के सामने मैदान में मोमबत्ती की रोशनी से जुआं खेल रहे 6 जुआरी राजेश मजूमदार पिता स्व. रेवन्त मजूमदार उम्र 34 वर्ष, अचिन मिस्त्री पिता स्व. सुपद मिस्त्री उम्र 35 वर्ष, परेश हलधर पिता मनोरंजन हलधर उम्र 40 वर्ष, दिलीप पाईक पिता स्व. जितेन्द्र पाईक उम्र 36 वर्ष, सुमित मिस्त्री पिता स्व. गौतम मिस्त्री उम्र 31 वर्ष, सुबीर सरकार पिता स्व. सुभाष सरकार उम्र 30 वर्ष, सभी निवासी पीव्ही 09 सत्यानंदपुर को जुआ खेलते हुए दबोचा। जुआरियों के कब्जे से कुल रकम 1750 रूपये तथा तास के 52 पत्ती, दो नग प्लास्टिक बोरी, एक नग अधजली मोमबत्ती बरामद करते हुए धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 का अपराध घटित करना पाये जाने से कार्यवाही किया गया।

### कापसी में जुआं खेलते 4 जुआरी पकड़ाए

पखांजुर पुलिस ने कापसी सार्वजनिक रंगमंच में बिजली की रोशनी जुआं खेल रहे 35 वर्षीय विपुल बैरागी पिता स्व. वासुदेव बैरागी, 21 वर्षीय नरेन्द्र निषाद पिता परदेशी राम निषाद, 48 वर्षीय महेश शर्मा पिता डोरेलाल शर्मा और 28



वर्षीय बिरेन्द्र निषाद पिता परदेशी राम निषाद सभी निवासी छोटेकापसी नयापारा को दबोचा। जुआरियों के पास कुल रकम 670 रूपये जप्त करते हुए धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया।

### केनाल के पास पकड़ाए 4 जुआरी

पखांजुर पुलिस ने बड़ेकापसी विलेजपारा केनाल के पास मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे 4 जुआरी गोविन्द सरकार पिता मधुसूदन सरकार उम्र 45 वर्ष निवासी छोटेकापसी, किशोर मण्डल पिता स्व. किरन मण्डल उम्र 30 वर्ष निवासी पीव्ही 57 कालीनगर, संतोष नायक पिता कालिया नायक उम्र 49 वर्ष निवासी बड़ेकापसी और सुजीत मण्डल पिता सुनील मण्डल उम्र 44 वर्ष निवासी छोटेकापसी को जुआं खेलते हुए दबोचा। जुआरियों के कब्जे से कुल रकम 2220 रुपए जब्त किया गया।

### जुआं खेलते पकड़ाए 4 जुआरी

मुखबिर की जानकारी पर ग्राम पीव्ही 35 बापूनगर आरून गाईन का खेत के पास मोमबत्ती की रोशनी में जुआं खेल रहे 4 जुआरी संजय ढाली पिता माधव ढाली उम्र 35 वर्ष साकिन पीव्ही 35 बापूनगर, विप्लव दास पिता विश्वनाथ दास उम्र 26 वर्ष साकिन पीव्ही 16, सुब्रत सरकार पिता दीपक सरकार उम्र 25 वर्ष साकिन पीव्ही 35 बापूनगर, अमल मण्डल पिता रूपचंद मण्डल उम्र 45 वर्ष साकिन पीव्ही 57 कालीनगर थाना पखांजूर को जुआं खेलते हुए पकड़ा गया और इनके पास से कुल रकम 2000 रुपए जब्त किया गया।

### बडेकापसी में 4 जुआरी खेलते पकड़ाए

पखांजुर पुलिस ने बडे कापसी विलेजपारा गौठान के पास में मोमबत्ती की रोशनी से जुआं खेल रहे 4 जुआरी शिवा सलाम पिता रामलाल सलाम उम्र 37 वर्ष निवासी बडे कापसी विलेजपारा, जयलाल उइके पिता धनसिंह उइके उम्र 37 वर्ष साकिन टेमरूपानी थाना अंतागढ हाल पता बडे कापसी, संपत गवर्ना पिता तिजूराम उम्र 35 वर्ष साकिन बडे कापसी, सुरेश नेताम पिता स्व. छेदीलाल नेताम उम्र 32 वर्ष निवासी बडे कापसी को दबोचा। पुलिस ने जुआरियों के पास से कुल 2020 रुपए जब्त किया।

### सात जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

पखांजुर पुलिस ने पीव्ही 38 इन्द्रप्रस्थ में काली मंदिर के टेकरी के पीछे सात जुआरी 45 वर्षीय श्यामल राय पिता स्व. नकुल राय, निवासी पीव्ही 38 इन्द्रप्रस्थ, 36 वर्षीय विकास दास पिता स्व. बेनूदास निवासी पीव्ही 38 इन्द्रप्रस्थ, 44 वर्षीय परितोष मृधा पिता परिमल मृधा निवासी पीव्ही 131 चैतन्यपुर, 31 वर्षीय विष्णु हालदर पिता स्व. जोगेशचन्द्र निवासी पीव्ही 38 इन्द्रप्रस्थ, 24 वर्षीय संजू हीरा पिता चिरनजीत निवासी पीव्ही 38 इन्द्रप्रस्थ, 40 वर्षीय उत्तम दास पिता निताई दास और 30 वर्षीय दिनेश तिर्की पिता पंखराम तिर्की ग्राम मुरावण्डी को जुआं खेलते हुए दबोचा और इनके पास कुल रकम 2200 रुपए जब्त किया।

### फुरफुंदी में जुआ खेलते 4 जुआरी पकड़ाए

बांदे पुलिस ने फुरफुंदी के रंगमंच में जुआं खेल रहे 29 वर्षीय लक्ष्मण नुरेटी पिता मानु राम नुरेटी, 33 वर्षीय मंगल राम पोटाई पिता गोर्वधन पोटाई, 30 वर्षीय मनहेर दर्रो पिता झिटकू राम दर्रो और 50 वर्षीय संतोष मंडल पिता भगीरथी मंडल सभी निवासी फुरफुंदी को दबोचा और उनके पासस से कुल 1350 रूपएं नगद जप्त करते हुए धारा 3 (2) छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपावली व गोवर्धन पूजा का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छत्तीसगढ़ के सबसे पुरानी परंपराओं में से एक गौरी-गौरा पूजन की शुरुआत ग्राम कर्रामाड़ में धनतेरस के दिन से की गई और दीपावली की रात को धूमधाम से परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है और उन्हें स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई और लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया।

दीपावली के अगले दिन गौरी गौरा का विसर्जन में बड़ी संख्या में ग्रामीण बंधु, माताएं व बहने सम्मिलित हुए और धूमधाम से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सर पर कलश के साथ गौरी-गौरा को लेकर महिला-पुरुष सम्मिलित हुए। इसमें महिलाओं और युवतियों की टोली पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ताल पर डांस करती हुई नजर आई। ग्रमीणों ने गोवर्धन पूजा और गौरा गौरी पूजा के अवसर पर अपने हाथों पर सोटा खाने का आनंद लिया। मान्यता है की सोटा से मार खाने के बाद सभी तरह के दुख और परेशानियां दूर हो जाती है। इस मौके पर योगेश चिराम, सुभाष रावटे और समस्त भक्त नाचते हुए तालाब में गौरा गौरी का विसर्जन किया। गौरी गौरा भगवान शिव और पार्वती के प्रतीक हैं और यह पर्व छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं में से एक माना जाता है। मूलतः यह परंपरा आदिवासी समाज द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन अब सभी समुदाय और जाति के लोग इसमें भाग लेते हैं। इस तरह से दीपावली का पर एवं गोवर्धन पूजा पूरे अचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## भाजपा नेत्री पूर्व पार्षद गंभीर रूप से बीमार, मेकाज में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के महाराणा प्रताप वार्ड की 2015 से 2020 तक पार्षद रही भाजपा नेत्री लक्ष्मी कश्यप गंभीर रूप से बीमार है। पिछले एक महीने से मेडिकल कालेज में भर्ती है। यहां भर्ती के दौरान सांसद के प्रयास से एम्स रायपुर भेजा गया था। वहां से वापस आकर मेडिकल कालेज में भर्ती है। पति का देहांत हो चुका है, दो बेटियां हैं और दोनों पढ़ रही है, आय का कोई



जरिया नहीं है। अभी तक 50 हजार से अधिक का खर्च हो चुका है अब उसके पास बाहर जाकर बेहतर ईलाज कराने के लिए कुछ भी नहीं है। 25 साल से अधिक समय से वह भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता है। बताया गया कि मेडिकल कालेज में सर्जन नहीं है और बड़े अस्पताल में बेहतर उपचार से ही वह ठीक हो सकती है। आज सांसद महेश कश्यप मेडिकल कालेज पहुंचे और 10 हजार दिए। वहीं एम्स रायपुर के निदेशक को पत्र लिखकर बेहतर ईलाज करने को कहा है। भाजपा नेता संग्राम सिंहराणा शाम को मेडिकल कालेज पहुंचे और उन्होंने लक्ष्मी कश्यप से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। चिकित्सक के अनुसार उसे टीबी, सुगर और फेफड़े में इन्फेंक्शन की बीमारी है। जिसका ईलाज सर्जन से ही आपरेशन के द्वारा होना बताया गया है। पेट में पानी भरने की भी परेशानी है। उन्होंने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

## युवकों के दो गुटो में हुई मारपीट शिकायत पर काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दो गुटों में 1 नवंबर की रात को विवाद हो गया और दोनों गुटो ने कांकेर थाना में मारपीट का मामला दर्ज करने के लिए पहुंचे। पुलिस ने दोनों गुटों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर विवेचना में लिया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे संजय नगर निवासी 18 वर्षीय अभय कुलदीप पिता चेतन कुलदीप ने पुलिस को बताया कि हम लोग 1 नवंबर को अपने दोस्त अनुग्रह हिरवानी, अंकित टेकाम, चंद्रशेखर मंडावी, पुरूराज मंडावी, प्रेम श्रीवास के साथ पिकनिक मनाने मनकेशरी बांध गए थे। पिकनिक मनाकर बांध से बाइक एवं स्कूटी से वापस आ रहे थे कि रात्रि करीबन 9 बजे ईमलीपारा हाउसिंग बोर्ड कालोनी रोड में बिजली आफिस के पास पहुचे थे कि अक्षय देवांगन, डिकेश्वर मानिकपुरी, लालू भाई, टेमन साहू मिले और हम लोगों को गाली देते हुए कहने लगे कि पूरे रास्ते में जा रहे हो। मैने गाली देने से मना किए, इतनें में आरोपी युवक गाली देते हुए कि इस मोहल्ले में हम लोगों का राज है, बोलकर चारों एक राय होकर जान से मारकर खत्म कर देंगे बोलकर धमकी देते हुए हाथ थप्पड से मारपीट किए। मारपीट को देखकर मेरे दोस्त अनुग्रह हिरवानी बीच बचाव करने आया तो उसके साथ भी हाथ थप्पड़ से मारपीट किए। मारपीट को देखकर मेरे अन्य दोस्त डर कर वहां से भाग गए। चारों युवकों के द्वारा मारपीट करते देख उसके और अन्य दोस्त लोग भी वहां पर आए और मारपीट किए। मारपीट से मेरे चेहरे, पीठ, पैर, गला, हाथ मे चोट आई है और मेरे दोस्त अनुग्रह हिरवानी के गले में चोट आया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मामला किया दर्ज

दूसरे गुट से कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे 24 वर्षीय प्रदीप मारगिया पिता स्व. कैलाश मारगिया ने पुलिस को बताया कि मैं ईमलीपारा में रहता हूं और च्वाईस सेंटर कोड़ेजुंगा में काम करता हूँ। मैं 1 नवंबर को रात्रि करीबन 10 बजे मेरे मोहल्ले के अशोक भोयर को संजयनगर के लड़को के द्वारा मारपीट किया गया था, जिसका ईलाज के लिए मैं जिला अस्पताल कांकेर ले गया था, जहां पहले से मौजूद अभय कुलदीप एवं अन्य लोगो के द्वारा मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर किसी ठोस वस्तु से मेरे सिर में मारपीट किए है, जिससे मेरे सिर में चोट लगा है। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## गाली देने मना करने पर युवक के साथ मारपीट, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठेलकाबोड़ में पड़ोसी ने शिकायतकर्ता की पत्नी को गाली दे रहा था। शिकायतकर्ता ने गाली देने से मना करने पर आरोपी पड़ोसी ने शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी के साथ गाली देते हुए मारपीट कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे 27 वर्षीय कार्तिक बहादुर थापा पिता श्रीराम बहादुर थापा निवासी ठेलकाबोड़ बड़ेपारा ने पुलिस को बताया कि मैं राजेश चोपड़ा के मकान में किराए से रहता हूं और टिकरापारा में मेरी दुकान है। मैं प्रतिदिन की तरह 1 नवंबर को सुबह 9 बजे दुकान चला गया था और दोपहर को 1 बजे खाना खाने के लिये घर गया था, जहां हमारे पड़ोस में रहने वाले सालिक मरकाम के द्वारा मेरी पत्नी को गाली गलौज कर रहा था। मैंने गाली देने से मना किया, इस पर आरोपी कहने लगा कि तू मुझे मना करने वाला होते कौन हो, कहकर मुझे गाली देते हुए जान से मार दूंगा कहकर मुझे दौड़ाकर मारपीट किया और अपने हाथ में रखे किसी धारदार वस्तु से हमला किया, जिससे मेरे बांये हाथ की उंगली में चोट आया है। घटना को देखकर मेरी पत्नी बीच बचाव किया, तो उसके साथ भी मारपीट किए है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## सीएम ने ओलंपिक लोगो व मस्कट का किया अनावरण



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो (प्रतीक चिन्ह) और मस्कट (शुभंकर) का अनावरण किया। बस्तर ओलंपिक के लोगो में बस्तर की संस्कृति और परंपराओं की झलक दिख रही है। पहाड़ी मैना और वन भैंसा बस्तर ओलंपिक के मस्कट बने। बस्तर ओलंपिक का मस्कट वन्य जीव संरक्षण को समर्पित है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा बैठक में मौजूद रहे।

## दिवाली पर्व पर स्वयं सेवकों द्वारा चलाया यातायात सुरक्षा कार्यक्रम



**कांकेर।** माय भारत युवा कार्यक्रम विभाग के मार्गदर्शन में माय भारत के 1 वर्ष पूर्ण होने पर दिवाली पर्व पर स्वयं सेवकों द्वारा यातायात सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस के द्वारा स्वयंसेवकों को यातायात कार्यालय में यातायात नियमों एवं सुरक्षा संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। यातायात पुलिस के साथ स्वयंसेवकों को तीन अलग-अलग स्थान न्यू बस स्टैंड, मस्जिद चौक व सिटी मार्केट में यातायात कंट्रोल करने के लिए मार्गदर्शित किया गया। कार्यक्रम में यातायात विभाग के यातायात प्रभारी दीपक साव, ट्रैफिक कंट्रोल टीम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आशीष नेताम, हर्ष डोंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने स्वयंसेवक रानू गुप्ता, श्रद्धा सिन्हा, रिफत, जितेश, तौषिका, हनोक, एकता, भारती, इशिका, साश्री, हेमलता, संध्या, राजपूत, चांदनी, लेसिका, श्रिष्ठी, चित्रलेखा, उर्वशी, तारनी व अतुल ने योगदान दिया।

## दीपावली में मिलने आए युवक की भाई बहनों ने की पिटाई

**कांकेर।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम बागोडार दीपावली में माता पिता से मिलने पहुंच युवक की भाई व बहनों ने मिलकर पिटाई कर दी। युवक हीरा लाल कोर्राम 34 साल निवासी आवासपारा ग्राम बागोडार ने बताया मैं दीपावली पर 31 अक्टूबर को हाईस्कूल पारा में पैतृक मकान मे निवासरत माता पिता व परिवार के लोगों से मिलने गया था। मुझे देखकर मेरी बहन हिरदा कोर्राम ने कहा यहां क्यों आया है, बोलकर गाली देने लगी। गाली देने से मना किया, तो मेरी बहन हिरदा कोर्राम, संध्या कोर्राम एवं छोटा भाई हीरा शंकर कोर्राम मुझसे मारपीट करने लगे, जिससे मेरे हाथ व पसली में चोटें आई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है।

## दुधावा में धूमधाम से मनाया गया गौरी गौरा का पर्व, पूजा के उपरांत किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दुधावा में दीपावली की रात को गौर चौक दुधावा में परंपरा अनुसार गौरी गौरा का विवाह पर्व मनाया गया और 2 नवंबर को विसर्जन किया गया।

धनतेरस के एक दिन पूर्व से इस पर्व की रस्म में शुरू की गई और दीपावली रात्रि को संपन्न की गई। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी गौरा जिन्हें शिव और पार्वती का प्रतीक माना जाता है, उन्हें स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना किया गया। ग्राम गायता माटी गायता की अगवानी में लोकगीतों, लोक वाद्य यंत्रों और लोक नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया। गांव की गलियों में बाजा गजा के साथ शिव पार्वती की बारात निकल गई। गांव की माताओं और बालिकाओं ने कलश को सिर में धारण कर कुछ हाथ में रखकर माता पार्वती और शिव जी की बारात में शामिल हुए। इस बारात में गांव की समस्त देवी देवताओं ने भी शामिल हुए। ग्राम गायता माटी गायता आदि लोगों ने उपस्थित होकर गौरी गौरा का विवाह संपन्न कराया गया। गांव के महिलाओं ने मंगलगान गवरी जागे गौरा जागे की जगे शहर के लोग गीत गाए गये, एवं नृत्य किया गया। अग्नि भनाटी, पुरुषों ने हाथ में डंडा और ढाल लेकर अखरा नृत्य करते हुए युद्ध कौशल और संस्कृति को दर्शाया गया। शनिवार 2 अक्टूबर को गौरी गौरा को विसर्जन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम दुधावा के समस्त ग्राम वासियों एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारियों का सहयोग मिला।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411